# त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

# कक्षा 9 विषय सामाजिक विज्ञान

## अति महत्वपूर्ण प्रश्न उत्तर

### 2 अंक वाले प्रश्न उत्तर

**1. जैकोबिन क्लब के सदस्य कौन थे**

**उत्तर:-** जेकोविन क्लब के सदस्य मुख्यतः छोटे दुकानदार तथा कारीगर- जैसे-जूता, चप्पल बनाने वाले, पेस्टी बनाने वाले, घड़ीसाज, छपाई करने वाले और नौकर व दिहाड़ी मजदूर आदि थे जो समाज के कम समृद्ध हिस्से से आते थे।

2. **फ्रांस के संदर्भ में टाइड और टाइल क्या था**

उत्तर:- फ्रांस में धार्मिक कर को टाइद और प्रत्यक्ष कर को टाइल कहा जाता था ।

**3. उन देशों के नाम बताइए जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं ?**

उत्तर:- रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं |

**4. अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह के नाम बताइए**

उत्तर:- अरब सागर में लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्थित हैं।

**5. लोकतंत्र की कोई दो विशेषताएं बताइए ?**

उत्तर:- लोकतंत्र की दो विशेषताएं निम्नलिखित है

www.rajeshsir.co.in

1. लोकतंत्र में सरकार जनता द्वारा चुनी गई होती है

2. लोकतंत्र में सरकार जनता के प्रति उत्तरदाई होती है

**6. लोकतंत्र का अर्थ सरल शब्दों में लिखिए ?**

उत्तर:- जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए ही शासन लोकतंत्र है

**7. स्थाई पूंजी किसे कहते हैं ?**

उत्तर:- स्थाई पूंजी से तात्पर्य उस पूँजी से है, जो स्थाई संपत्तियों का क्रय करने में लगाई जाती है। स्थाई पूंजी को अचल पूंजी भी कहा जाता है,

जैसे :- भवन, भूमि, फर्नीचर, उपकरण, मशीन, कारखाना, दुकान

**8. कृषि आधारित कोई दो उद्योग के नाम लिखिए ?**

**उत्तर:-** मसाला उद्योग और और चीनी उद्योग आदि कृषि आधारित उद्योग है

**9. कोऑपरेटिव क्या था ?**

उत्तर:- सहकारी ( कोऑपरेटिव ) समिति लोगों का ऐसा संघ है जो अपने पारस्परिक लाभ के लिए स्वेच्छापूर्वक सहयोग करते हैं।

**10. खूनी रविवार की घटना क्या थी ?**

उत्तर:- ख़ूनी रविवार, 22 जनवरी, 1905 को रूस की ज़ार सेना ने शांतिपूर्ण मजदूरों तथा उनके बीबी- बच्चों के एक जुलूस पर गोलियाँ बरसाई, जिसके कारण हजारों लोगों की जान गईं। इस दिन चूँकि रविवार था, इसलिए यह ख़ूनी रविवार के नाम से जाना जाता है।

**11. भाबर क्या है ?**

www.rajeshsir.co.in

उत्तर:-'भाबर' वह तंग पट्टी है जिसका निर्माण काचों के जाम से होता है जो शिवालिक के ढलानों के समानांतर सिंधु और तिस्ता नदियों के बीच पाया जाता है।

**12. भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहां स्थित है ?**

**उत्तर:-** भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी बैरन द्वीप ( अंडमान निकोबार दीप समूह ) में स्थित है |

**13. सेवा क्षेत्र क्या है ?**

उत्तर:- सेवा क्षेत्र में किसी भी वस्तु का उत्पादन नहीं किया जाता है बल्कि अपनी सेवा देकर बदले में फीस या वेतन प्राप्त किया जाता है

जैसे:- डॉक्टर,शिक्षक,वकील |

**14. बेरोजगार शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए ?**

उत्तर:- ऐसा व्यक्ति जिसे अपनी योग्यता के अनुसार काम करने की इच्छा होने पर भी काम ना मिल सके उसे बेरोजगार कहा जाता है |

**15. संविधान से क्या आशय है ?**

उत्तर:- संविधान नियमों एवं कानून का लिखित प्रलेख होता है

**16. लोकतंत्र के दो मुख्य दोष लिखिए ?**

उत्तर:- लोकतंत्र के दो दोष निम्नलिखित है

1. निर्णय लेने में देरी होती है

2. चुनावी प्रतिस्पर्धा के कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है

**17. पालमपुर गांव की गैर कृषि क्रियाएं लिखिए ?**

www.rajeshsir.co.in

उत्तर:- पालमपुर गांव की अन्य गैर कृषि क्रियाओं में लघु विनिर्माण उद्योग, परिवहन आदि जैसी क्रियाएं शामिल हैं।

**18. संसाधन के रूप में लोग से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर:- 'संसाधन के रूप में लोग' किसी देश के कार्यरत लोगों को उनके वर्तमान उत्पादन कौशल एवं योग्यताओं का वर्णन करने का एक तरीका है। अन्य संसाधनों की भाँति जनसंख्या भी एक संसाधन है जिसे 'मानव संसाधन' कहा जाता है।

**19. 1789 की फ्रांस की क्रांति का तत्कालीन कारण क्या था ?**

उत्तर:- 1789 की फ्रांस की क्रांति का तत्कालीन कारण फ्रांस की आर्थिक दुर्दशा था |

**20. कार्ल मार्क्स का पूंजीवाद पर क्या विचार था**

उत्तर:- कार्ल मार्क्स का मानना था कि पूंजीवादी व्यवस्था स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण थी और अंततः अपने ही पतन का कारण बनेगी।

www.rajeshsir.co.in

## 3 अंक वाले प्रश्न उत्तर

**1. फ्रांस में दास प्रथा का उन्मूलन कैसे हुआ समझाइए ?**

उत्तर:- उत्तर. फ्रांसीसी उपनिवेशों में दास प्रथा का उन्मलन जेकोबिन शासन के क्रांतिकारी विचारों में से एक था। 18वीं सदी में फ्रांस में दास प्रथा मुक्ति हेतु नेशनल असेम्बली में लम्बी बहस हुई परन्तु दास व्यापार पर निर्भर व्यापारियों के विरोध के भय से नेशनल असेम्बली में कोई कानून पारित नहीं किया गया 1794ई. के कन्वेंशन ने फ्रांसीसी उपनिवेशों में सभी दासों की मुक्ति का कानून पारित कर दिया। परन्तु यह कानून ज्यादा दिन लागू नहीं

रह पाया, 10 वर्ष पश्चात् नेपोलियन ने दास प्रथा पुनः शुरु कर दी। बागान मालिकों को अफ्रीकी नीग्रो लोगों को गुलाम बनाने की स्वतंत्रता मिल गयी। अततः फ्रांसीसी उपनिवेशों से अंतिम रुप से दास प्रथा का उन्मूलन 1848ई. में किया गया।

**2. प्रथम विश्व युद्ध का रूस की क्रांति पर क्या प्रभाव पड़ा ?**

उत्तर:- प्रथम विश्व युद्ध ने रूसी उद्योगों को बुरी तरह प्रभावित किया। रूस के अपने उद्योग संख्या में कम थे और बाल्टिक सागर के जर्मन नियंत्रण द्वारा देश को औद्योगिक वस्तुओं के अन्य आपूर्तिकर्ताओं से काट दिया गया था। यूरोप में कहीं और की तुलना में रूस में औद्योगिक उपकरण अधिक तेजी से विघटित हुए । 1916 तक, रेलवे लाइनें टूटने लगीं।

**3. हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है ?**

उत्तर:- हिंद महासागर के शीर्ष पर भारत की स्थिति केंद्रीय है। भारत को इस स्थिति का प्राचीन काल से लाभ मिलता रहा है। इस स्थिति के कारण भारत के जल मार्ग द्वारा पूर्वी अफ्रीका, पश्चिमी एशिया,दक्षिण तथा दक्षिण - पूर्वी एशिया और पूर्वी एशिया के देशों में पहुंचा जा सकता था।

**4. भारत के उत्तरी मैदान का वर्णन कीजिए ?**

उत्तर :- उत्तरी भारतीय मैदान आमतौर पर समुद्र तल से 160 मीटर या उससे अधिक ऊपर हैं। इस क्षेत्र के यहां के प्रमुख राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, आदि आते हैं। यहां रहने वाले लोग अनेक तरह की भाषाएँ बोलते हैं।

**5. भारतीय संविधान में प्रस्तावना का क्या महत्व है ?**

www.rajeshsir.co.in

उत्तर:- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उस मौलिक दर्शन और मौलिक मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे संविधान के आधार हैं । यह उन मुख्य उद्देश्यों को निर्धारित करता है जिन्हें संविधान प्राप्त करना चाहता है । यह संविधान को दिशा और उद्देश्य देता है ।

**6. संविधान सभा का परिचय लिखिए ?**

उत्तर:- भारत का संविधान एक संविधान सभा द्वारा निर्मित किया गया। संविधान सभा का गठन ब्रिटिश शासन तथा भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के नेतृत्वकर्ताओं के मध्य परस्पर सहमति से किया गया। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई जिसमें डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा को संविधान सभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया।

**7. भौतिक पूंजी और मानवी पूंजी में कोई तीन अंतर लिखिए ?**

उत्तर:- भौतिक पूंजी प्रकृति में मूर्त है, अर्थात इसे देखा और स्पर्श किया जा सकता है। मानव पूंजी के विपरीत अमूर्त है, जिसे केवल अनुभव किया जा सकता है। ... भौतिक पूंजी को सीधे बाजार में बेचा जा सकता है, जबकि मानव पूंजी को बाजार में नहीं बेचा जा सकता है, बल्कि सेवाओं को बेचा जाता है।

**8. रासायनिक उर्वरकों का उपयोग क्यों हानिकारक है ?**

उत्तर:- रासायनिक उर्वरक खनिज पदार्थ प्रदान करते हैं जो पानी में घुल जाते हैं और पौधों को तुरंत उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन वे मिट्टी से बच सकते हैं और भूजल, नदियों और झीलों को प्रदूषित कर सकते हैं, रासायनिक उर्वरक मिट्टी में बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्म जीवों को भी मार सकते हैं।

## 4 अंक वाले प्रश्न उत्तर

www.rajeshsir.co.in

**1. उन जनवादी अधिकारों के सूची बनाइए जो आज हमें मिले हुए हैं और जिनका उद्‌गम फ्रांसीसी क्रांति से है ?**

उत्तर:- उन जनवादी अधिकारों की सूची निम्न प्रकार से हैं जो आज हमें मिले हुए हैं पर जिनका उद्‌गम फ्रांसीसी क्रांति से है

1.मत देने का अधिकार

2. समानता का अधिकार

3.भाषण का अधिकार

4.स्वतंत्रता का अधिकार

5.अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

6.जीवन का अधिकार

www.rajeshsir.co.in

**2.बोल्शेविकों ने अक्टूबर क्रांति के फौरन बाद रूस में कौन-कौन से परिवर्तन किए लिखिए**

उत्तर:- अक्तूबर क्रांति के बाद बोल्शेविकों द्‌वारा किए गए कई बदलाव निम्न हैं

1.बोल्शेविक निजी संपत्ति के पक्षधर नहीं थे अतः अधिकतर उद्‌योगों एवं बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

2.भूमि को सामाजिक संपत्ति घोषित कर दिया गया

3.शहरों में बड़े घरों के परिवार की आवश्यकता के अनुसार हिस्से कर दिए गए।

4.पुराने अभिजात्य वर्ग की पदवियों के प्रयोग पर रोक लगा दी गई।

5.परिवर्तन को स्पष्ट करने के लिए बोल्शेविकों ने सेना एवं कर्मचारियों की नई वर्दियाँ पेश की।

6.बोल्शेविक पार्टी का नाम बदल कर रूसी कम्यूनिस्ट पार्टी (बोल्शेविक) रख दिया गया।

**3.लोकतंत्र ही क्यों अपने तर्कों द्वारा विवेचना कीजिए ?**

उत्तर:- लोकतंत्र ही क्यों इसके लिए तर्कों को द्वारा समझा जा सकता है:-

1. लोकतंत्र सरकार का एक ऐसा स्वरुप है जिसमें जनता द्वारा सरकार को चुना जाता है।
2. लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर आधारित होता है
3. लोकतंत्र को सर्वश्रेष्ठ सरकार कहा गया है
4. लोकतंत्र बेहतर निर्णय लेने की संभावना बढ़ाता है

**4.लोकतंत्र एवं गैर लोकतांत्रिक शासन की तुलना कीजिए ?**

उत्तर:- लोकतंत्र एवं गैर लोकतांत्रिक शासन में तुलना निम्न प्रकार हैं

| **लोकतांत्रिक शासन** | **गैर लोकतांत्रिक शासन** |
| --- | --- |
| 1. इसमें लोगों को राजनैतिक अधिकार प्राप्त होते हैं। | अ) लोगों के पास सीमित अधिकार होते हैं। |
| 2. इसमें लोग सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के आधार पर चुनावी प्रक्रिया में भाग लेते हैं। | ब) सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार इन लोगों के लिये एक सपना है। |
| 3. लोक तांत्रिक फैसले में सदैव ज्यादा लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से शामिल होत हैं। | स) लोग किसी प्रकार के फैसले में भाग नहीं लेते हैं। उन्हें सरकार के फैसले के संदर्भ में कोई हक नहीं है। |
| 4. लोग किसी शासक की प्रजा न होकर खुद अपने शासक हैं। | द) इसमें लागों को हमेशा प्रजा ही समझा जाता है न तो शासक और न ही सम्मानजनक प्रजा। |

www.rajeshsir.co.in

## 5.बांगर और खादर भूमि में अंतर लिखिए

**उत्तर:-**

| बांगर | खादर |
|---|---|
| 1.ऊंचाई के कारण बाढ़ का जल यहां तक नहीं पहुंच पाता | 1.यह संपूर्ण भाग बाढ़ का मैदान है |
| 2.यह उत्तरी मैदान की उच्च भूमि है | 2.यह उत्तरी मैदान की निकली भूमि है |
| 3.इसमें जल तल की गहराई अधिक होती है | 3. इसमें भूमिगत जल स्तर ऊंचा होता है |
| 4.इसका विस्तार पंजाब उत्तर प्रदेश में अधिक पाया जाता है | 4 इसका विस्तार बिहार झारखंड पश्चिम बंगाल में है |

www.rajeshsir.co.in

## 6.भारत को कितने भौतिक भागों में बांटा गया है किसी एक का वर्णन कीजिए ?

उत्तर:- भौतिक स्वरूप, भौतिक रचना तथा धरातल के स्वरूप के अनुसार भारत को पांच भौतिक भागों में बांटा गया है

1. उत्तर पर्वतीय प्रदेश
2. प्रायद्वीपीय पठार

3. विशाल मैदान

4. समुद्रतटीय मैदान

5. द्वीपसमूह

**उत्तर पर्वतीय प्रदेश:-** उत्तर का पर्वतीय प्रदेश भारत में लगभग 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसकी लम्बाई लगभग 2,400 किमी. है। पश्चिम में इसकी चौड़ाई 500 किमी. है, जबकि यह लगभग 200 किमी. चौड़ा है।

**7. शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या है क्यों समझाए ?**

www.rajeshsir.co.in

उत्तर:- उच्च शिक्षा के विकास के साथ शिक्षित व्यक्तियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले व्यक्तियों (जैसे इंजीनियर) की संख्या भी बढ़ रही है। एक ऐसा शिक्षित वर्ग तैयार किया जा रहा है जिसमें दक्षता तो है लेकिन कोई उपयुक्त काम नहीं मिल पा रहा है। शिक्षित वर्ग में बेरोजगारी न केवल भारत में बल्कि अन्य सभी देशों में एक प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई है। इसमें हम अर्ध-रोजगार को भी शामिल कर सकते हैं। इस प्रकार की बेरोजगारी में व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार काम नहीं मिल पाता है। अर्थात जब शिक्षित लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल पाता है तो इसे शिक्षित बेरोजगारी कहते हैं।

**8. क्या आप शिक्षा प्रणाली में शिक्षित बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कुछ उपाय सुझा सकते हैं ?**

उत्तर:- शिक्षित बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए हम निम्न उपाय सुझा सकते हैं

1. केवल किताबी ज्ञान देने की अपेक्षा अधिक तकनीकी शिक्षा दी जाए।
2. शिक्षा को अधिक कार्योन्मुखी बनाया जाना चाहिए।
3. शिक्षा को लोगों को स्वावलंबी एवं उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
4. रोज़गार के अधिक अवसर पैदा किए जाने चाहिए।

---

www.rajeshsir.co.in

**BY:- RAJESH SIR**

Youtube Channel:- Www.Youtube.com/c/RajeshSirOfficial

Facebook:- www.Facebook.com/RajeshSirOfficial

Instagram:- www.Instagram.com/rajeshsirofficial

E Mail:- rajeshsirofficial@gmail.com

©

यह सामग्री विद्यार्थी हित में तैयार की गई है अन्य किसी के द्वारा इसका व्यावसायिक उपयोग किया जाना पूरी तरह से वर्जित है

www.rajeshsir.co.in